

समर कैंप के आयोजन के संबध में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### चरस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी में नशे के अवैध कारोबार के विरूद्ध पुलिस ने अभियान छेड़ रखा है। इसी कड़ी में विकासनगर पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जाएगा। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है। थाना विकासनगर पुलिस टीम द्वारा दौरान चौकिंग प्राईमरी स्कूल कुंजा के पास से एक अभियुत्तफ अशरफ पुत्र अख्तर निवासी ग्राम कुंजा ग्रांट कोतवाली विकासनगर को 94 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने करने का आरोपी शातिर गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। विदेश भेजने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर ठग को आखिर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनिल कुमार पुत्र प्रेम लाल निवासी सारथी विहार नेहरू कॉलोनी देहरादून द्वारा थाना नेहरू कॉलोनी पर शिकायत दर्ज कराई गई की उनके एवं उनके मित्रों द्वारा इंटरनेट पर ऑनलाइन जॉब हेतु सर्च किया, सर्च के दौरान इंटरनेट पर जावेद कुरैशी, जिसने अपना निवास डोगरी मुंबई लिख हुआ था, से ऑनलाइन इंट्रोडक्शन हुआ, जिसने अपना टूर एंड ट्रैवल्स का बिजनेस इंटरनेट पर अपलोड किया हुआ था।

### हरीश रावत ने युवक की हत्या के प्रायश्चित स्वरूप मौन उपवास रखा

**संवाददाता**

देहरादून। टिहरी जिले के बसाण गांव निवासी अनुसूचित जाति के युवक के साथ विवाह समारोह के दौरान मारपीट के बाद उसकी मृत्यु से पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हरीश रावत व्यथित हैं। वह सोमवार को देहरादून के गांधी पार्क में बापू की प्रतिमा के नीचे प्रायश्चित स्वरूप एक घंटे तक मौन उपवास पर बैठे। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि यह एक सामाजिक अपराध का मामला है।

### एयरटेल ने एचडीएफसी लाइफ के साथ साझेदारी की

**संवाददाता** देहरादून। टेलीकम्युनिकेशन सेवाओं की दुनिया की अग्रणी इंटीग्रेटेड प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल और भारत के सबसे बड़े नॉन–बैंक प्रमोटेड प्राईवेट लाईफ इंश्योर, एचडीएफसी लाईफ इंश्योरेंस ने वित्तीय रूप से सुरक्षित भारत के निर्माण के लिए टेक्नॉलॉजी एवं मोबाईल सेवाओं की गहरी पहुंच का उपयोग करने के लिए हाथ मिलाए हैं। उद्योग की अपनी पहल में एयरटेल ने एक प्रिपेड बंडल लॉन्च किया है।

# निर्देशों के अनुरूप मतगणना की तैयारी करने के निर्देश

**निरीक्षण**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

सभी कार्य समय रहते पूर्ण कर लिये जाये: मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी षणमुगम और डीएम एस.ए मुरूगेशन द्वारा संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही इलैक्ट्रानिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम की प्रक्रिया का प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों के प्रशिक्षण का भी जायजा लिया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस दौरान पोस्टल बैलेट व मतगणना हॉल और ईवीएम व वीवीपैट मतगणना हॉल दोंनों हॉल के भीतर और आउटसाइड मतगणना के लिए की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं और सम्पादित किय जा रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को मतगणना हेतु की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं को इस तरह सम्पादित करने के निर्देश दिये कि मतगणना में किसी भी तरह परेशानी न हो और विभिन्न प्रकार के पहलुओं को ध्यान में रखते कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बेरिकेटिंग, प्रवेश निकासी मार्ग, विभिन्न प्रकोष्ठ (प्वाईंट) इत्यादि सब व्यवस्थित हों तथा मतगणना में लगे कार्मिकों के लिए मतगणना के दौरान पर्याप्त फैन व कूलर की व्यवस्था हो और सभी कार्य समय रहते पूर्ण कर लिये जायं।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी मतगणना स्थल का निरीक्षण करते हुए।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान कहा कि मतगणना स्थल पर विभिन्न स्थानों पर प्रवेश से लेकर निकासी मार्ग को स्मुथली बनाये और स्पष्ट संकेतक दर्शाते हुए मतगणना कार्य को अधिक व्यवस्थित बनायें। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिनस्थ अधिकारियों को निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिशा–निर्देशों के अनुरूप मतगणना की तैयारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने ईवीएम मतगणना के लिए ईवीएम मॉडल रूम बनाने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया साथ ही मतगणना के लिए किये जाने वाले विभिन्न कार्यों को समय से पूरा करने के भी निर्देश दिये। महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज में हुई इलैक्ट्रानिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम के प्रशिक्षण में दो पालियों में 80–80 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

इलैक्ट्रानिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम प्रशिक्षण के तहत कार्मिकों को पूर्व मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिक ऑनलाईन माध्यम से जारी किये गये पोस्टल बैलेट का स्कैनिंग करते हुए सत्यापन करेंगे कि पीबी उसी चैनल से आया है कि नही जिस चैनल से भेजा गया था।

### उमा के बयान पर हरीश का पलटवार, दी प्रायश्चित करने की नसीहत

**संवाददाता** देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने केंद्रीय मंत्री उमा भारती के उत्तराखंड की मुख्यमंत्री बनने वाले बयान पर कटाक्ष किया है। हरदा ने कहा कि उमा भारती को प्रायश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उमा भारती बहुत कुछ करना चाहती थीं। लेकिन उनकी पार्टी ने उन्हें कुछ करने नहीं दिया। दरअसल, उमा भारती ने कहा था कि वे उत्तराखंड में पैदा होकर उत्तराखंड से ही चुनाव लड़ना चाहती थीं। साथ ही उन्होंने इच्छा जाहिर करते हुए कहा था कि वो मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश की सेवा करना चाहती थीं। उमा भारती के इस बयान पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने उनको प्रायश्चित करने की नसीहत दी है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने उमा भारती पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उमा भारती बहुत कुछ करना चाहती थीं। लेकिन उनकी पार्टी ने उन्हें कुछ करने नहीं दिया और उनको पद से हटा दिया।

हरदा ने कहा कि उमा भारती मंदिर गई हुई हैं। ऐसे में उन्हें भाजपा की तरफ से प्रायश्चित करना चाहिए। हरदा ने कहा कि उमा भारती को गंगोत्री में तपस्या कर यह कहना चाहिए कि नरेंद्र मोदी ने कहा था कि गंगा मां तू ने मुझे बुलाया है और मोदी वहां पहुंचे भी। बावजूद इसके गंगा की सफाई नहीं हुई।

### कार्मिकों को ऑरिएन्टेड प्रशिक्षण दिया गया

**संवाददाता** देहरादून। कौलागढ़ स्थित ओ.एन.जी.सी ऑडिटोरियम में आज ईवीएम व वीवीपैट की मतगणना करने वाले कार्मिकों को ऑरिएन्टेड प्रशिक्षण दिया गया। ईवीएम और वीवीपैट प्रशिक्षण के तहत् गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी जी.एस रावत, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल, अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान नमित रमोला, जिला पंचायतीराज अधिकारी एम जफर खॉ, प्रधानाचार्य म्संदीप, सेवायोजन अधिकारी प्रवीन गोस्वामी और आर.पी सेमवाल, द्वारा प्रशिक्षण का कार्य सम्पादित किया गया तथा प्रशिक्षण में कार्मिकों को जरूरी और व्यवहारिक बातों से ब्रिफ करते हुए उनके द्वारा उठाये गये प्रश्नों का भी समाधान किया गया।

## राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

**प्रदर्शन**

■कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर फूंका पुतला

देहरादून। **संवाददाता**

पूर्व पीएम राजीव गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश भर में प्रदर्शन कर गुस्से का इजहार किया। दून में प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एस्ले हॉल चौक पर प्रदर्शन कर पुतला फूंका।

प्रदर्शन के दौरान, प्रीतम ने कहा कि देश के विकास में राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। राजीव गांधी ने देश को नई दिशा देने का काम किया था और अपनी माता के समान देश के लिये शहादत भी दी। आज भाजपा के लोग उन पर आक्षेप कर अपमान कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जो एक समय अंग्रेजों के मुखबिर हुआ करते थे। आज ये लोग देश में विद्वेष फैला रहे हैं। देश इन लोगों को बर्दास्त नहीं करेगा। पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी भाजपा पर हमला बोला। प्रदर्शन की अनुमति न होने के बावजूद जुलूस निकालने और पुतला जलाने पर कांग्रेस नेताओं की पुलिस से नोंकझोंक भी हुई।



पीएम मोदी के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंकते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

एस्ले हॉल चौक पर जैसे ही कांग्रेसी पहुंचे, पुलिस ने उन्हें वापस लौटने को कहा। प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना चौक पर बने पुलिस बूथ पर चढ़ गए।

उन्होंने दो टूक कहा कि कांग्रेस ने अनुमति के लिए बीते रोज ही प्रशासन को प्रार्थना पत्र दे दिया था, अब अनुमति देना प्रशासन का काम है। यही नही जब भाजपा प्रदर्शन करती है, तब पुलिस कहां सोई रहती है। यहां नोकझोंक चल ही रही थी कि सामने ही महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पुतला फूंका। इस अवसर पर चमन सिंह, लखपत बुटोला, प्रभुलाल बहुगुणा, ताहिर अली आदि शामिल रहे।

### समर कैम्प का 30 जून से

**संवाददाता** देहरादून। दून में हिल ग्रोव स्कूल पहली बार 30 जून से 10 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।